# कुख्यात तस्कर ने जेल से छूटते ही फिर शुरू किया ड्रग्स कारोबार

- 19 लाख नकदी, 270 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ शातिर तस्कर को दबोचा
- 8 किलो गांजा और पिस्टल के 22 जिंदा कारतूस भी हुए बरामद



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के कुख्यात ड्रग्स तस्कर चेतन नाथ उम्र 36 साल को गिरफ्तार किया है. उसके कब्जे से 270 ग्राम ब्राउन शुगर, 8 किलो गांजा, पिस्टल के 22 जिंदा कारतूस, 19 लाख रुपए नकद, नोट गिनने की मशीन और ब्राउन शुगर की पुड़िया तैयार करने का सामान बरामद हुआ है.

द्वारकापुरी पुलिस ने सोमवार 22 जून को 16 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ ड्रग पैडलर लकी नाथ को गिरफ्तार किया था. पूछताछ में उसने खुलासा किया कि उसे मादक पदार्थ चेतन नाथ उपलब्ध कराता है. इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने बैक ट्रैकिंग करते हुए नाथ मोहल्ला निवासी चेतन नाथ को दबोच लिया. उसके कमरे की तलाशी में ब्राउन शुगर, गांजा, 19 लाख रुपए नकद, नोट गिनने की मशीन, ड्रग्स की पुड़िया बनाने का सामान और 22 जिंदा कारतूस बरामद हुए.

**बहन सीमा नाथ के साथ मिलकर कर रहा था तस्करी**-पूछताछ में यह भी सामने आया कि चेतन नाथ कई वर्षों से अपनी बहन सीमा नाथ के साथ मिलकर ब्राउन शुगर और गांजे की तस्करी कर रहा था. पिछले वर्ष अपहरण के एक मामले में जेल भेजे जाने के बाद वह अप्रैल में रिहा हुआ और बाहर आते ही फिर से नशे के कारोबार में सक्रिय हो गया. थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि वह अपने साथियों के जरिए शहर में छोटे छोटे पैकेट बनाकर ड्रग्स की सप्लाई कराता था.

### 17 मामलों का आरोपी है चेतन नाथ, दो थानों में था फरार

चेतन नाथ के खिलाफ इंदौर के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट सहित कुल 17 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. वह वर्तमान में राजेंद्र नगर थाना और धार जिले के नौगांव थाना के मामलों में भी फरार चल रहा था. लंबे समय से वह अपनी बहन सीमा नाथ के साथ मिलकर ड्रग्स तस्करी के नेटवर्क का संचालन कर रहा था. पिछले वर्ष जेल जाने के बाद भी उसकी गतिविधियां नहीं थमीं और रिहा होते ही उसने दोबारा नशे का कारोबार शुरू कर दिया.

**राजस्थान के प्रतापगढ़ से लाता था ड्रग्स**-वहीं डीसीपी जोन 4 सुनील मेहता ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आरोपी ने ब्राउन शुगर राजस्थान के प्रतापगढ़ से लाना स्वीकार किया है. पहले गिरफ्तार किए गए एक ड्रग पैडलर से मिली जानकारी के आधार पर मुख्य सप्लायर चेतन नाथ तक पहुंचा गया, आरोपी से पूछताछ में कई अहम सुराग मिले हैं. पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है और इसमें शामिल अन्य लोगों के खिलाफ भी जल्द कार्रवाई की जाएगी.

# गिरवी रखा प्लॉट बेचकर बुजुर्ग महिला से ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर. गिरवी रखे प्लॉट का सौदा कर बुजुर्ग महिला से लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पीड़िता की ओर से कई बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर मामला क्राइम ब्रांच तक पहुंचा, जिसके बाद जांच में आरोप सही पाए जाने पर केस दर्ज कर आरोपी को पकड़ लिया.**

पुष्प विहार एक्सटेंशन, ग्राम खजराना स्थित एक प्लॉट का सौदा रॉयल व्यू अपार्टमेंट, स्कीम नंबर-54 निवासी अभिषेक जैन ने बुजुर्ग लक्ष्मीदेवी से किया था. आरोपी ने चेक और नकद के रूप में राशि लेने के बाद प्लॉट का सौदा कर दिया, लेकिन बाद में पता चला कि संबंधित संपत्ति पहले से बैंक में गिरवी रखी हुई थी. धोखाधड़ी का पता चलने पर पीड़िता और उनके परिजनों ने आरोपी से रुपए वापस मांगे, लेकिन उसने टालमटोल शुरू कर दी. इसके बाद पुलिस से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई. मामला क्राइम ब्रांच पहुंचने पर जांच कराई गई, जिसमें आरोप सही पाए गए. इसके बाद प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया. वहां से उसे जेल भेज दिया गया.

# हप्ता वसूली करने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

- दो गुर्गे अब भी फरार, तलाश में दबिश दे रही पुलिस



नव भारत न्यूज

**इंदौर/महू.** मानपुर क्षेत्र में व्यापारियों और राहगीरों से हप्ता वसूली कर दहशत फैलाने वाले गिरोह के सरगना संदीप चौहान को मानपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. वारदात में शामिल उसके दो साथी भूरा और विशाल चौहान अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है. आरोपी की गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में लोगों ने राहत की सांस ली है.

शनिवार को ग्राम खेडीसिहोद में सावन वास्केल और पूनम भाटिया से तीनों आरोपियों ने अवैध रूप से रुपये की मांग की. विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए दोनों के साथ पत्थरों और डंडों से मारपीट कर दी. आरोपियों ने खुद को इलाके का दबंग बताते हुए धमकी दी कि यहां आने पर हप्ता देना पड़ेगा, नहीं तो जान से मार देंगे. घटना के बाद घायल का मेडिकल परीक्षण कराया और फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई.

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी महेंद्र मकाश्रे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम सोडल्यापुरा में दबिश देकर गिरोह के सरगना संदीप चौहान को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस अब फरार आरोपी भूरा और विशाल चौहान की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है. थाना प्रभारी का कहना है कि दोनों आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

# साथ पी रहे थे शराब, विवाद में ई-रिक्शा चालक की हत्या

- चाकू से किए ताबड़तोड़ वार, दो आरोपी हिरासत में



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** गांधी नगर थाना क्षेत्र में सोमवार को शराब दुकान पर हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया. सिद्धार्थ नगर स्थित वाइन शॉप पर शराब पीने के दौरान हुए झगड़े में 39 वर्षीय हेमंत उर्फ हेमू जाट की चाकू मारकर हत्या कर दी गई. वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से भाग निकले, जिन्हें पुलिस ने कुछ ही देर में हिरासत में ले लिया.

सिद्धार्थ नगर निवासी हेमंत उर्फ हेमू जाट अपने परिचित कृष्णा पाटिल और राजेश चौहान के साथ शराब पी रहा था. इसी दौरान किसी बात को लेकर तीनों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई. आरोप है कि कृष्णा पाटिल ने चाकू निकालकर हेमंत पर लगातार तीन से चार वार कर दिए. गंभीर रूप से घायल हेमंत को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही गांधी नगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया. थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि मृतक ई रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था. उसके खिलाफ चार आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जबकि मुख्य आरोपी कृष्णा पाटिल भी आदतन अपराधी बताया जा रहा है. मामले में एसीपी गांधी नगर निधि सक्सेना ने बताया कि शराब पीने के दौरान हुए विवाद में चाकू से हमला किया था. घटना के तुरंत बाद दोनों आरोपियों को हिरासत में ले कर मामले की जांच जारी है.

### मम्मी, चौराहे तक जा रहा हूं, अभी लौट आऊंगा...

घर से निकलते समय हेमंत ने अपनी मां मीना जाट से कहा था कि वह चौराहे तक जा रहा है और थोड़ी देर में वापस लौट आएगा. मां ने साथ चलने की इच्छा जताई, लेकिन उसने मना कर दिया. कुछ देर बाद एक व्यक्ति घर पहुंचा और बताया कि हेमंत घायल हो गया है. जब परिवार मौके पर पहुंचा तो वहां केवल खून के निशान मिले. जिला अस्पताल में मां बेटे से मिलने की आस में रोती बिलखती रही, जबकि उसे यह भी पता नहीं था कि हेमंत की मौत हो चुकी है. हेमंत की दोनों पत्नियों का पहले ही निधन हो चुका है. उसके पीछे दो बेटियां कनक और मुस्कान हैं, जिन्हें अभी तक घटना की पूरी जानकारी नहीं दी गई है.

## एक नजर में

### झमाझम बरसात से पातालपानी झरने में लौटी रौनक



**महू.** मानसून की दस्तक के साथ ही पहाड़ी इलाकों में हो रही झमाझम बारिश के चलते सूखे पड़े नदी-नाले और प्राकृतिक झरने एक बार फिर पूरी तरह से जीवंत हो उठे हैं. महू स्थित सुप्रसिद्ध पातालपानी झरना पूरे शबाब पर बहने लगा है. बारिश के बाद पानी का तेज बहाव लौट आया है. पहाड़ों से दूध की तरह बहते झरने के इस विहंगम नजारे को देखने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी उमड़ रहे हैं. मौसम सुहाना होते ही लोग यहां परिवार सहित पिकनिक मनाने और प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाने पहुंच रहे हैं.

### जमीन सौदे में पौने दो करोड़ की धोखाधड़ी, डीआईजी से शिकायत




**महू.** कृषि भूमि की खरीद-फरोख्त के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. श्रीविहार कॉलोनी निवासी महावीर जैन ने पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय में महेश्वर के तीन सगे रिश्तेदारों और एक दलाल के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है. पीड़ित के अनुसार, उन्होंने आरोपी महेन्द्र छाजेड़, विशाल छाजेड़, रूचिका छाजेड़ सभी निवासी करही, महेश्वर और दलाल सुनील जाट के साथ मिलकर महू के ग्राम जाम खुर्द में करीब 4 करोड़ रुपये की जमीन का संयुक्त सौदा किया था. सौदे के तहत पीड़ित और आरोपियों ने 50-50 प्रतिशत हिस्सा मिलाकर कुल 1 करोड़ 95 लाख 24 हजार 900 रुपए नकद और ऑनलाइन माध्यम से भू-स्वामियों को बयाने के रूप में चुका दिए. आरोप है कि आरोपियों ने इस रकम के एवज में पीड़ित को ग्राम गगनतालाब महेश्वर स्थित 18.833 एकड़ जमीन में आधा हिस्सा देने का झांसा दिया. उन्होंने दावा किया कि यह जमीन उनके भांजे रमनलाल महाजन निवासी खरगोन की है. बाद में खुलासा हुआ कि भू-स्वामी रमनलाल को इस सौदे की कोई जानकारी ही नहीं थी और आरोपियों ने फर्जी साजिश रची थी. पीड़ित का आरोप है कि इस गड़बड़ी का विरोध करने पर दलाल सुनील जाट उन्हें डरा-धमका रहा है. महावीर जैन ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### 150 साल पुराना बरगद का पेड़ गिरा, बाल-बाल बचीं दर्जनों जानें

**महू.** शहर के व्यस्ततम हरी फाटक गर्ल्स स्कूल के पास स्थित चाट चौपाटी क्षेत्र में सोमवार शाम को एक बड़ा हादसा होते-होते रह गया. शाम करीब 5 बजे, तेज बारिश के दौरान अचानक एक विशालकाय और लगभग 150 वर्ष पुराना बरगद का पेड़ जमींदोज हो गया. राहत की बात यह रही कि इस भयानक हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई. हालांकि, इस विशालकाय पेड़ की चपेट में आने से चौपाटी पर लगी कई गरीब दुकानदारों की गुमटियां और ठेले पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. पेड़ के वजन से दुकानें दब गईं, जिससे व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है. हरी फाटक चाट चौपाटी क्षेत्र में आमतौर पर हर समय लोगों, खासकर खाने-पीने के शौकीनों की भारी भीड़ रहती है. सोमवार शाम को तेज बारिश हो रही थी, जिसके चलते चौपाटी पर लोगों की आवाजाही बेहद कम थी. यदि मौसम सामान्य होता और रोजाना की तरह भीड़ होती, तो मौतों का एक बड़ा आंकड़ा सामने आ सकता था.

# सेफ क्लिक 2.0 के तहत पीटीसी ने निकाली साइबर जागरूकता रैली



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** मध्यप्रदेश पुलिस के प्रदेशव्यापी सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत सोमवार को पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय (पीटीसी) द्वारा साइबर सुरक्षा जनजागरूकता रैली निकाली गई. पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस रैली में प्रशिक्षणरत आरक्षक, राजपत्रित अधिकारी, निरीक्षक तथा अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लेकर लोगों को साइबर अपराधों से सतर्क रहने का संदेश दिया.

रैली का शुभारंभ पीटीसी के परेड मैदान से हुआ, यह डेली कॉलेज रोड, लोक सेवा आयोग कार्यालय, जिला जेल रोड, इन्कम टैक्स कॉलोनी, आईजी कैंप कार्यालय और रेसिडेंसी क्षेत्र से होते हुए वापस पीटीसी परिसर पहुंची. मार्ग में पुलिसकर्मियों ने बैनर और पोस्टर के माध्यम से साइबर ठगी से बचाव, सुरक्षित डिजिटल लेनदेन, इंटरनेट के उपयोग में बरती जाने वाली सावधानियां तथा क्या करें और क्या न करें की जानकारी दी. रैली के समापन पर सभी प्रशिक्षुओं और पुलिस अधिकारियों को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई. साथ ही साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी देते हुए लोगों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या साइबर अपराध होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराएं. अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को मोबाइल और इंटरनेट का सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने के लिए जागरूक करना है, ताकि वे साइबर अपराधों का शिकार होने से बच सकें.

# पदभार ग्रहण से पहले कांग्रेस को झटका नेता प्रतिपक्ष का भाई गिरफ्तार



इंदौर. नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष के पदभार ग्रहण समारोह से ठीक पहले कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है. पंढरीनाथ पुलिस ने कांग्रेस पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट के भाई बादशाह मिमरोट को रविवार देर रात गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी ऐसे समय हुई, जब वह अपनी बहन के पदभार ग्रहण समारोह की तैयारियों में जुटा था. कार्रवाई के बाद कांग्रेस नेताओं में हलचल मच गई.

कुछ दिन पहले कांग्रेस नेताओं के प्रदर्शन के दौरान कानून व्यवस्था प्रभावित होने और पुलिस अधिकारियों से अभद्रता का मामला सामने आया था. जांच के दौरान बादशाह मिमरोट की भूमिका सामने आने पर उसे प्रकरण में आरोपी बनाया. रविवार देर रात डीसीपी जोन 4 सुनिल कुमार मेहता के निर्देशन में पंढरीनाथ थाना पुलिस ने दबिश देकर बादशाह मिमरोट को हिरासत में लिया और थाने ले जाकर पूछताछ की. गिरफ्तारी के दौरान समर्थकों की भीड़ जमा होने से कुछ देर तक माहौल गरमाया रहा. पुलिस का कहना है कि मामला जमानती प्रकृति का है, लेकिन कानून व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर आरोपी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है. उसे एसीपी कोर्ट में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी. मामले में थाना प्रभारी पंढरीनाथ सतीश पटेल ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान दर्ज प्रकरण की जांच में बादशाह मिमरोट की संलिप्तता सामने आने पर उसे गिरफ्तार किया है, मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# बायपास पर रॉन्ग साइड दौड़ रहे ट्रक-बस जब्त

- यातायात पुलिस ने बायपास पर 150 से ज्यादा भारी वाहन हटवाए



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** बायपास पर अनधिकृत पार्किंग और रॉन्ग साइड चल रहे भारी वाहनों के खिलाफ यातायात पुलिस ने सोमवार को अभियान चलाया. देवगुराड़िया ब्रिज से पत्थरमुंडला ब्रिज तक कार्रवाई करते हुए 150 से अधिक ट्रक और अन्य भारी वाहन हटाए, जबकि रॉन्ग साइड चल रहे एक ट्रक और एक बस को जब्त किया.

यातायात पुलिस ने बायपास मार्ग पर अनधिकृत पार्किंग के खिलाफ विशेष अभियान चलाया. सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) हिंदू सिंह मुवेल के नेतृत्व में देवगुराड़िया ब्रिज से पत्थरमुंडला ब्रिज तक मुख्य लेन और सर्विस रोड का निरीक्षण किया. इस दौरान सड़क किनारे और नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े 150 से अधिक भारी वाहनों को हटवाया.

कार्रवाई के दौरान ड्रोन से भी पूरे मार्ग की निगरानी की गई. ड्रोन सर्विलांस में कई स्थानों पर गैरेज और दुकानों के सामने ट्रक खड़े मिले, जिन्हें तत्काल हटाया. इसी दौरान मुख्य लेन पर रॉन्ग साइड चलते एक ट्रक और एक बस को रोककर जब्त कर लिया. इस दौरान एसीपी हिंदू सिंह मुवेल ने वाहन चालकों को चेतावनी दी कि बायपास पर नो पार्किंग क्षेत्र में भारी वाहन खड़े करने या रॉन्ग साइड वाहन चलाने पर आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी. तकनीकी खराबी आने पर वाहन केवल निर्धारित पार्किंग या गैरेज में ही खड़े किए जाएं.

# फांसी लगाकर युवक ने किया सुसाइड

इंदौर. नंदा नगर क्षेत्र में एक विवाहित युवक ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना का पता उस समय चला, जब परिजन लौटकर घर पहुंचे. सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी.

मृतक का नाम कुणाल पिता गणेश निवासी नंदा नगर बताया गया है. वह भमोरी स्थित एक बाइक शोरूम में काम करता था. रविवार को परिवार के लोग बाहर जा रहे थे. कुणाल ने उनसे कहा था कि वे पहले चले जाएं, वह कुछ देर बाद आ जाएगा. लेकिन, परिजन के जाने के बाद उसने घर में फंदा लगा लिया. कुछ देर बाद परिजन लौटे तो कुणाल फंदे पर लटका मिला. उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है.

**पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से हमला**-इंदौर. आजाद नगर इलाके में मामूली कहासुनी ने झगड़े का रूप ले लिया. तीन युवकों ने एक युवक पर पहले लात-घूंसों से हमला किया, फिर चाकू मारकर उसे घायल कर दिया. घटना हुसैनी मस्जिद के सामने की है, फरियादी शाहरुख कुरैशी ने शिकायत में बताया कि अमन, आमिर और कल्लू ने पहले अल्ताफ के साथ गाली गलौज शुरू की. विरोध करने पर तीनों ने मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी.

**एक नजर में** — धार रोड स्थित वार्ड 1 के गीता नगर क्षेत्र के रहवासी जल संकट और दूषित पानी की समस्या से जूझ रहे

# शहर के कई क्षेत्रों में अभी भी जल संकट और दूषित पानी की समस्या बरकरार

इंदौर. पर्याप्त और शुद्ध पेयजल की आपूर्ति और सुविधाओं के बड़े-बड़े दावों के बीच अभी भी शहर के कई क्षेत्रों में रहवासी जल संकट के अलावा दूषित पानी की समस्या से जूझ रहे हैं. अभी भी 20 से 25 मिनट नल आना और उसमें भी शुरूआत के 10-15 मिनट गंदा और दूषित पानी आने की समस्या लगातार बनी हुई है.

ऐसा ही एक और मामला धार रोड स्थित वार्ड क्रमांक-1 के गीता नगर क्षेत्र से सामने आया है. यहां स्थित आयशा मस्जिद वाली गली में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है. क्षेत्र में एक दिन छोड़कर केवल आधे घंटे के लिए नर्मदा का पानी सप्लाई किया जाता है. इसमें शुरुआती 15 मिनट तक पूरी तरह दूषित पानी आता है, जबकि शेष समय भी दुर्गंधयुक्त पानी की आपूर्ति होती है, जिससे घरेलू उपयोग तक में परेशानी हो रही है. क्षेत्र में नगर निगम के नि:शुल्क पानी के टैंकर भी कभी-कभार ही आते हैं. टैंकर नहीं पहुंचने की शिकायत दर्ज कराने पर ही सीमित मात्रा में केवल शिकायतकर्ता को ही पानी उपलब्ध कराया जाता है. पानी की व्यवस्था के लिए लोगों को यहां-वहां भटकना पड़ता है. रहवासियों को आपस में चंदा एकत्र कर निजी टैंकर बुलाने को मजबूर होना पड़ रहा है. दूषित पानी की शिकायत के बाद निगम ने कई स्थानों पर पाइप लाइन की जांच की, लेकिन अब तक खराबी का सका है. ऐसे में निगम के जलापूर्ति संबंधी दावों पर सवाल खड़े हो रहे हैं.



### यह बोले रहवासी...



चैंबरों का दूषित गंदा काला पानी नर्मदा लाइन के जरिए लोगों के घर तक पहुंच रहा है जो पीना तो दूर उपयोग के लिए भी नहीं लिया जा सकता.

**- शबाना बी**



पानी की पूर्ति के लिए चार-चार बर्तन लेकर आसपास के क्षेत्र में भटकना पड़ता है क्षेत्र में ना नेता ना प्रतिनिधि झांकने आता है किसी की कोई सुनवाई नहीं होती.

**- माजिद अली**



जल संकट के इस समय में जहां पानी की पूर्ति करनी चाहिए वहीं लापरवाही से क्षेत्र में दूषित पानी लोगों को मिल रहा है इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा.

**- मोहम्मद अयूब खत्री**